Adda247 | GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 22/08/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** भारत में पहली मेट्रो लाइन, कोलकाता में एस्प्लेनेड (Esplanade) और भवानीपुर के बीच, किस वर्ष शुरूआत की गई - जिसने देश में मेट्रो रेल सेवाओं की शुरुआत को चिह्नित किया?

**Ans**
✗ 1. 1977
✓ 2. 1984
✗ 3. 1990
✗ 4. 1994

**Q.2** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015, ________________ के मामलों में 16-18 वर्ष की आयु के किशोरों पर वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति देता है।

**Ans**
✓ 1. जघन्य अपराधों
✗ 2. नशीली दवाओं के दुरुपयोग
✗ 3. साइबर अपराध
✗ 4. चोरी

**Q.3** Ctrl + F यूजर को क्या करने में सहायता करता है?

**Ans**
✓ 1. मौजूदा डॉक्यूमेंट या वेबपेज में टेक्स्ट फाइंड करने
✗ 2. ईमेल फ़ॉरवर्ड करने
✗ 3. डेस्कटॉप पर फ़ाइल फाइंड करने
✗ 4. डॉक्यूमेंट को फ़ॉर्मेट करने

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य संविधान की बारहवीं अनुसूची के अंतर्गत नहीं आता है?

**Ans**
✓ 1. विदेशी व्यापार संवर्धन
✗ 2. सार्वजनिक स्वास्थ्य
✗ 3. शहरी गरीबी उन्मूलन
✗ 4. शहरी नियोजन

**Q.5** मई 2025 में, DRDO ने किस उन्नत प्रौद्योगिकी पर केंद्रित एक नए अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया?

**Ans**
✗ 1. नैनो प्रौद्योगिकी
✗ 2. कृत्रिम बुद्धिमत्ता
✓ 3. क्वांटम प्रौद्योगिकी
✗ 4. रोबोटिक्स

Adda247

Adda247

# Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 DRDO द्वारा विकसित कौन-सी प्रणाली जिसका परीक्षण 2025 में किया गया, को कई प्रकार के अंतर्जलीय खतरों का पता लगाने और उन्हें बेअसर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है?

Ans
✗ 1. वरुणास्त्र (Varunastra)
✗ 2. तक्षक (Takshak)
✗ 3. MIGM
✓ 4. मारीच (Maareech)

Q.7 अंतर्राज्यीय परिषद के गठन का प्रावधान किस अनुच्छेद के तहत किया गया है?

Ans
✓ 1. अनुच्छेद 263
✗ 2. अनुच्छेद 346
✗ 3. अनुच्छेद 368
✗ 4. अनुच्छेद 280

Q.8 सिद्धू और कान्हू भाई निम्नलिखित में से किस जनजातीय विद्रोह के नेता थे?

Ans
✗ 1. कोल विद्रोह
✓ 2. संथाल विद्रोह
✗ 3. हो विद्रोह
✗ 4. कोया विद्रोह

Q.9 इस क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी ने 1928 में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की सह-स्थापना की। उन्होंने 1929 में बी.के. दत्त के साथ मिलकर केंद्रीय विधान सभा में बम फेंका। 23 वर्ष की आयु में उन पर क्रांतिकारी सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु के साथ मुकदमा चलाया गया तथा उन्हें फाँसी दे दी गई। वे स्वतंत्रता सेनानी कौन थे?

Ans
✗ 1. रामप्रसाद बिस्मिल
✗ 2. चंद्रशेखर आज़ाद
✗ 3. उधम सिंह
✓ 4. भगत सिंह

Q.10 भारत में मानव विकास के लिए एक मुख्य चुनौती निम्नलिखित में से किसे माना जाता है?

Ans
✗ 1. उच्च विदेशी मुद्रा भंडार
✗ 2. तीव्र शहरीकरण
✗ 3. डिजिटल अवसंरचना में वृद्धि
✓ 4. लगातार क्षेत्रीय असमानताएँ

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा, शिलालेखों/अभिलेखों का एक प्राचीन समूह है जो नैतिक मूल्यों और शासन सिद्धांतों को बढ़ावा देता है और भारतीय इतिहास में सबसे प्रारंभिक लिखित अभिलेखों में से एक माना जाता है?

Ans
✓ 1. अशोक के अध्यादेश (Edicts of Ashoka)
✗ 2. अर्थशास्त्र (Arthashastra)
✗ 3. वेद (Vedas)
✗ 4. उपनिषद (Upanishads)

Q.12 2024 ACI हब कनेक्टिविटी रैंकिंग में एशिया-प्रशांत और मध्य पूर्व क्षेत्र के शीर्ष 10 हब हवाई अड्डों में किस भारतीय हवाई अड्डे को स्थान प्राप्त हुआ है?

Ans
✗ 1. केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
✓ 2. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (IGIA)
✗ 3. चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
✗ 4. छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.13** निम्नलिखित में से किसे सिंधु-सरस्वती सभ्यता में अत्यधिक केंद्रीकृत प्रशासन के साक्ष्य के रूप में उद्धृत किया जाता है?

Ans
✗ 1. विस्तृत शाही मकबरे
✗ 2. मुहरों और मानक लिपि का अभाव
✗ 3. स्मारकीय महल और मंदिर
✓ 4. मानकीकृत भार और माप

**Q.14** $C_4$ पौधों में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया अनुपस्थित होती है?

Ans
✗ 1. वाष्पोत्सर्जन
✓ 2. प्रकाश श्वसन
✗ 3. प्रकाश संश्लेषण
✗ 4. श्वसन

**Q.15** IN-SPACe द्वारा शुरू की गई फरवरी 2025 टेक्नोलॉजी एडॉप्शन फंड ने निजी अंतरिक्ष स्टार्ट-अप का समर्थन करने के लिए __________ निर्धारित किया है।

Ans
✗ 1. ₹100 करोड़
✗ 2. ₹1,000 करोड़
✗ 3. ₹250 करोड़
✓ 4. ₹500 करोड़

**Q.16** औपनिवेशिक काल के दौरान, सेवा क्षेत्र का हिस्सा केवल _____ था।

Ans
✗ 1. 5-10%
✓ 2. 15-20%
✗ 3. 25-32%
✗ 4. 22-29%

**Q.17** मार्च 2025 में किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए किस शहर में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए?

Ans
✓ 1. बिश्केक (Bishkek)
✗ 2. ओश (Osh)
✗ 3. दुशांबे (Dushanbe)
✗ 4. बैटकेन (Batken)

**Q.18** कार्तिक आर्यन ने मार्च 2025 में जयपुर में आयोजित 25वें IIFA अवार्ड्स में निम्नलिखित में से किस फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (पुरुष) का पुरस्कार जीता?

Ans
✗ 1. सत्यप्रेम की कथा
✗ 2. चंदू चैंपियन
✗ 3. शहज़ादा
✓ 4. भूल भुलैया 3

**Q.19** मई 2025 में निम्नलिखित में से किन दो संगठनों ने सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में नवाचार को बढ़ावा देने वाले एक इनक्यूबेशन केंद्र की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

Ans
✓ 1. नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी
✗ 2. नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया आयोग और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
✗ 3. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
✗ 4. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 भारतीय क्रांतिकारी राजनीतिज्ञ और लेखक, लाला लाजपत राय को निम्नलिखित में से कौन-से उपाधि दी गई थी?

Ans
1. महामना
2. पंजाब के तिलक
3. पंजाब केसरी ✔
4. देशबंधु

Q.21 मई 2025 में, निम्नलिखित में से किस संगठन ने उच्च दाब वाले समुद्री जल को विलवणीकरण के लिए नैनोपोरस (nanoporous) बहुस्तरीय बहुलक झिल्ली (polymeric membrane) विकसित की है?

Ans
1. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
2. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST)
3. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ✔
4. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)

Q.22 इस्पात उद्योग में इस्पात को कठोर बनाने के लिए किस सामग्री की आवश्यकता होती है?

Ans
1. चूनापत्थर (Limestone)
2. बॉक्साइट (Bauxite)
3. अभ्रक (Mica)
4. मैंगनीज़ (Manganese) ✔

Q.23 हिमाचल प्रदेश में भागा और चंद्रा धाराएं किस स्थान पर मिलकर चिनाब नदी बनाती हैं?

Ans
1. वेरीनाग स्प्रिंग
2. टांडी ✔
3. रोहतांग दर्रा
4. कुल्लू

Q.24 ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए क्लीन कुकिंग फ्यूल (Clean cooking fuel) आवश्यक है। कौन-सी योजना, BPL परिवारों में महिलाओं को LPG कनेक्शन प्रदान करती है?

Ans
1. सांसद आदर्श ग्राम योजना
2. प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण
3. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ✔
4. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

Q.25 वर्ष 1210 में, निम्नलिखित में से किस दिल्ली सुल्तान की पोलो के खेल के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गई थी?

Ans
1. फ़िरोज़शाह तुगलक
2. कुतुबुद्दीन ऐबक ✔
3. जलालुद्दीन खिलजी
4. इब्राहिम लोदी

Q.26 यदि हम वेग के लिए एक व्यंजक व्युत्पन्न करें, तो इसका आयाम ________ होना चाहिए।

Ans
1. $M^0L^1T^1$
2. $M L^{-1}T^{-2}$
3. $M^{-1}L^1T^{-1}$
4. $M^0L^1T^{-1}$ ✔

Q.27 2.308 cm में कितने सार्थक अंक हैं?

Ans
1. 2
2. 3
3. 4 ✔
4. 5

Adda247

Q.28 Which non-constitutional body investigates corruption complaints against public servants?

Ans
- ✗ 1. Union Public Service Commission
- ✓ 2. Lokpal
- ✗ 3. Finance Commission
- ✗ 4. Election Commission

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य थार मरुस्थल (the Great Indian Desert) के दक्षिण में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. हरियाणा
- ✓ 2. गुजरात
- ✗ 3. उत्तर प्रदेश
- ✗ 4. मध्य प्रदेश

Q.30 फरवरी 2025 में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

Ans
- ✗ 1. राजीव कुमार
- ✓ 2. ज्ञानेश कुमार
- ✗ 3. सुनील अरोड़ा
- ✗ 4. सुशील चंद्र

Q.31 निम्नलिखित में से किसने मई 2025 में, रोम में विश्व नंबर 1 जैनिक सिनर को हराकर अपना पहला इटैलियन ओपन खिताब जीता?

Ans
- ✗ 1. डैनिल मेदवेदेव (Daniil Medvedev)
- ✗ 2. राफेल नडाल (Rafael Nadal)
- ✓ 3. कार्लोस अल्कारेज (Carlos Alcaraz)
- ✗ 4. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic)

Q.32 कौन-सा बहुमूल्य वृक्ष, मुख्यतः पश्चिमी हिमालय में उगता है और निर्माण कार्यों में उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. मैग्नोलिया (Magnolia)
- ✗ 2. सिनकोना (Cinchona)
- ✓ 3. देवदार (Deodar)
- ✗ 4. रोडोडेंड्रन (Rhododendron)

Q.33 विंडोज 7 में फ़ाइल मेनू (File menu) का उपयोग करके नया फ़ोल्डर बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सही है?

Ans
- ✗ 1. Computer ओपन करें→ drive पर Right-click करें → File → New → Folder
- ✗ 2. Control Panel → File → Create → New Folder
- ✗ 3. Start → File → Folder → New
- ✓ 4. Computer ओपन करें → वांछित ड्राइव (जैसे कि, D:) Open करें→ File पर Click करें → New → Folder

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार भाषण, सभा और आंदोलन की स्वतंत्रता की गारंटी देता है?

Ans
- ✗ 1. सांस्कृतिक अधिकारों का अधिकार
- ✗ 2. समानता का अधिकार
- ✗ 3. संवैधानिक उपचारों का अधिकार
- ✓ 4. स्वतंत्रता का अधिकार

Q.35 निम्नलिखित में से किस वर्ष कलकत्ता इलेक्ट्रिक सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड (Calcutta Electric Supply Corporation Limited) का पहला थर्मल पावर प्लांट चालू किया गया था?

Ans
- ✗ 1. 1909
- ✗ 2. 1925
- ✗ 3. 1916
- ✓ 4. 1899

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सी मानवीय गतिविधि, वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर में वृद्धि में सर्वाधिक योगदान देती है?

Ans
1. जीवाश्म ईंधन का दहन ✔
2. वनरोपण ✘
3. कृषि में उर्वरकों का उपयोग ✘
4. बांधों का निर्माण ✘

Q.37 पश्चिम बंगाल के पारंपरिक छड़ कठपुतली शो (rod puppet shows) का उल्लेख करते समय, किस नाम का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. कठपुतली ✘
2. पुतुल नाच ✔
3. गोम्बेयट्टा ✘
4. यक्षगान ✘

Q.38 अभ्यास धर्म गार्जियन, 2025 कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
1. पूर्वी फ़ूजी, जापान ✔
2. नई दिल्ली, भारत ✘
3. पुणे, भारत ✘
4. टोक्यो, जापान ✘

Q.39 किस भारतीय सेना अधिकारी ने 'रेडी, रिलेवेंट एंड रिसर्जेंट: ए ब्लूप्रिंट फॉर द ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ इंडियाज मिलिट्री' नामक पुस्तक लिखी है, जिसका अनावरण मई 2025 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया था?

Ans
1. CDS जनरल अनिल चौहान ✔
2. लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ✘
3. लेफ्टिनेंट जनरल NS राजा सुब्रमणि ✘
4. जनरल उपेंद्र द्विवेदी ✘

Q.40 संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, मुख्यमंत्री सहित राज्य मंत्रिपरिषद का अधिकतम स्वीकार्य आकार क्या है?

Ans
1. विधान सभा की कुल संख्या का 10% ✘
2. विधान सभा की कुल संख्या का 20% ✘
3. विधान सभा की कुल संख्या का 15% ✔
4. कोई विशिष्ट सीमा निर्धारित नहीं है ✘

Adda247

Section : **Mathematics**

Q.1 एक बेलनाकार छड़ का बाहरी वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 1100 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 29 cm है, तो छड़ की बाहरी त्रिज्या (cm में) दशमलव के दो स्थानों तक, ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए।)

Ans
1. 5.53 ✘
2. 4.72 ✘
3. 6.03 ✔
4. 8.17 ✘

Q.2 अनाया को 18 घंटे में 574 km दूर हैदराबाद पहुँचना है। 11 घंटे के लिए उसकी प्रारंभिक चाल 36 km/hr थी। अगले 136 km के लिए उसकी चाल 34 km/hr थी। 18 घंटे के निर्धारित समय में हैदराबाद पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans
1. 9 km/hr ✘
2. 14 km/hr ✔
3. 20 km/hr ✘
4. 8 km/hr ✘

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.3 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 96% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और डाले गए मतों में से 15% अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को 80% वैध मत मिले और उसने 1224 मतों के अंतर से चुनाव जीत लिया। पंजीकृत मतदाताओं की संख्या कितनी थी?

Ans
✗ 1. 2501
✗ 2. 2503
✗ 3. 2502
✓ 4. 2500

Q.4 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$3\left(\left(\frac{7}{3}\right)x^2 - 26x + 13\right) - 7(x^2 + 9x - 11)$$

Ans
✗ 1. 141x − 116
✓ 2. −141x + 116
✗ 3. 141x + 116
✗ 4. −141x − 116

Q.5 $13 \times (3 \times 4^2) \div 9 + 59 - 75$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
✓ 1. $\frac{160}{3}$
✗ 2. $\frac{157}{9}$
✗ 3. $\frac{160}{9}$
✗ 4. $\frac{157}{3}$

Q.6 रितेश और गौरी को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। रितेश 150 km/hr की चाल से गाड़ी चला रहा है, जबकि गौरी 60 km/hr की चाल से गाड़ी चला रही है। यदि रितेश को कानपुर पहुंचने में 8 घंटे लगते हैं, तो गौरी को पहुंचने में कितना समय लगेगा?

Ans
✓ 1. 20 घंटे
✗ 2. 30 घंटे
✗ 3. 17 घंटे
✗ 4. 14 घंटे

Q.7 यदि 6 अंकों की संख्या N73M10, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध व्यक्त कर सकता है?

Ans
✗ 1. M + N = 3
✓ 2. M - N = -3
✗ 3. M - N = 1
✗ 4. M = N

Q.8 यदि किसी समबहुभुज के प्रत्येक अंतः कोण की माप 140° है, तो उसके विकर्णों की संख्या __________ होगी।

Ans
✗ 1. 25
✓ 2. 27
✗ 3. 16
✗ 4. 20

Adda247

**Q.9** तीन संख्याओं का औसत 20 है। यदि उनमें से दो संख्याएँ 18 और 28 हैं, तो तीसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 13
✗ 2. 15
✓ 3. 14
✗ 4. 16

**Q.10** ऋतिक और संजय ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹77,600 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹19,000 के कुल लाभ में से, संजय का हिस्सा ₹7,600 था। उनके निवेशों में क्या अंतर था?

**Ans**
✓ 1. ₹15,520
✗ 2. ₹16,401
✗ 3. ₹15,928
✗ 4. ₹14,343

**Q.11** यदि
$x = a\ \text{cosecA}\ \sin B$,
$y = b\ \text{cosecA}\ \cos B$ और
$z = c\ \cot A$ है,
तो $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} - \frac{z^2}{c^2}$ का मान कितना होगा?

**Ans**
✓ 1. $1$
✗ 2. $0$
✗ 3. $-1$
✗ 4. $-2$

**Q.12** किसी संख्या में 100% की वृद्धि करने पर 2730 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. 1365
✗ 2. 2730
✗ 3. 682.5
✗ 4. 4095

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 24 से विभाज्य है?

**Ans**
✗ 1. 79,91,987
✓ 2. 71,32,968
✗ 3. 73,40,390
✗ 4. 68,30,908

**Q.14** $6^2 + \sqrt{3^2} - 7\sqrt{81} - 16$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. -40
✗ 2. -50
✗ 3. -37
✗ 4. -32

**Q.15** 2 पुरुष किसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 4 महिलाएँ इसे 6 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 6 महिलाएँ और 9 पुरुष इस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

**Ans**
✓ 1. 2 दिन
✗ 2. 1 दिन
✗ 3. 3 दिन
✗ 4. 4 दिन

Adda247

Q.16 ₹638 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 2 : 5 : 4 के अनुपात में बाँटा गया है। वितरण में सबसे बड़े और सबसे छोटे हिस्से में कितना अंतर (₹ में) है?

Ans
✗ 1. 157
✓ 2. 174
✗ 3. 110
✗ 4. 76

Q.17 19 पेन और 13 पेंसिलों की कीमत ₹254 है। यदि एक पेन की कीमत ₹6 कम हो जाती है और एक पेंसिल की कीमत ₹9 बढ़ जाती है, तो 14 पेन और 2 पेंसिलों की कीमत ₹106 हो जाती है। 12 पेन और 15 पेंसिलों की मूल कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹173
✓ 2. ₹174
✗ 3. ₹171
✗ 4. ₹175

Q.18 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 24 और 288 है। यदि इनमें से एक संख्या 72 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 170
✓ 2. 96
✗ 3. 20
✗ 4. 10

Q.19 एक व्यापारी 52% के लाभ पर सब्जियाँ बेचने का दावा करता है, लेकिन वह बेईमानी से बांट पर अंकित वजन से 8% कम वजन का उपयोग करता है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✓ 1. 65%
✗ 2. 61%
✗ 3. 69%
✗ 4. 63%

Q.20 यदि किसी पुस्तक का अंकित मूल्य ₹900 है, तो 13% की छूट प्रदान करने के बाद पुस्तक का विक्रय मूल्य कितना होगा?

Ans
✗ 1. ₹891
✗ 2. ₹889
✓ 3. ₹783
✗ 4. ₹789

Q.21 ₹1,200 पर 4% प्रति माह की ब्याज दर से 2 महीने का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹8
✓ 2. ₹96
✗ 3. ₹16
✗ 4. ₹28

Q.22 18 और 32 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 24
✗ 2. 21
✗ 3. 26
✗ 4. 23

Adda247

**Q.23** Pipe A can fill a tank in 16 hours, pipe B can fill the same tank in 26 hours and pipe C can fill the same tank in 16 hours. The time taken by them to fill the same tank if they operate together is::

**Ans**

✗ 1. $2\frac{2}{17}\,hours$

✗ 2. $9\frac{2}{17}\,hours$

✓ 3. $6\frac{2}{17}\,hours$

✗ 4. $3\frac{2}{17}\,hours$

**Q.24** पल्लवी ने एक खिलौना ₹322 में खरीदा, उसे ₹6 की लागत से सजाया और खिलौने को ₹398 में बेच दिया। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. $875\%$ लाभ

✗ 2. $\frac{875}{41}\%$ हानि

✓ 3. $\frac{875}{41}\%$ लाभ

✗ 4. $\frac{885}{41}\%$ हानि

**Q.25** एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 40 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 14 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 34.12

✓ 2. 32.12

✗ 3. 31.12

✗ 4. 33.12

**Q.26** $2^3 \times 7^2 \times 12$, $2^2 \times 12^2 \times 18$ और $7^3 \times 12^2 \times 18^2$ का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. $2^7 \times 3^5 \times 7^3$

✗ 2. $2^7 \times 3^6 \times 7^2$

✓ 3. $2^7 \times 3^6 \times 7^3$

✗ 4. $2^7 \times 3^6 \times 7^4$

**Q.27** यदि मैरी की वर्तमान आयु का 2 गुना, दीया की वर्तमान आयु के 6 गुने से 20 वर्ष अधिक है, और दीया की वर्तमान आयु का 5 गुना, मैरी की वर्तमान आयु से 6 वर्ष कम है, तो मैरी और दीया की आयु के बीच का अंतर (वर्षों में) कितना है?

**Ans**

✗ 1. 16

✗ 2. 15

✓ 3. 14

✗ 4. 18

**Q.28** यदि एक कमरे की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई क्रमशः 10.5 m, 8.5 m और 11 m है, तो कमरे की चारों दीवारों का क्षेत्रफल ($m^2$ में) कितना है?

**Ans**

✓ 1. 418

✗ 2. 414

✗ 3. 412

✗ 4. 416

Q.29 किसी निश्चित मूलधन पर 4.5% वार्षिक ब्याज दर पर $7\frac{1}{3}$ वर्ष का साधारण ब्याज ₹6,270 है। उसी मूलधन पर 8.6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर $11\frac{1}{2}$ वर्ष में देय मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹37,794
2. ₹37,791 ✔
3. ₹37,784
4. ₹37,783

Q.30 एक दुकानदार 20% की स्कीम छूट और नकद भुगतान पर 5% की अतिरिक्त छूट प्रदान करता है। ₹1,000 पर कुल छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 26%
2. 23%
3. 25%
4. 24% ✔

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 यदि संख्या 3851764 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बाएं से दूसरे तथा दाएं से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
1. 10 ✔
2. 12
3. 6
4. 8

Q.2 एक निश्चित कूट भाषा में, 'always on time' को 'aj tj tr' लिखा जाता है और 'time is precious' को 'lo tr mo' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'time' का कूट क्या होगा?

Ans
1. tr ✔
2. lo
3. mo
4. aj

Q.3 उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

(46, 41, 26)
(77, 72, 57)

Ans
1. (81, 71, 61)
2. (59, 54, 34)
3. (93, 88, 83)
4. (62, 57, 42) ✔

Q.4 A, H का भाई है। H, R का पिता है। R, M की पुत्री है। G, M का पिता है। A का M से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्री के पति का भाई
2. पुत्री के पति का पिता
3. पति का पिता
4. पति का भाई ✔

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.5** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

DIMS - SIDM - IMDS
COLT - TOCL - OLCT

**Ans**
✗ 1. FOUR - FUOR - RUOF
✗ 2. GUYS - SUGY - YUGS
✓ 3. FROG - GRFO - ROFG
✗ 4. TIME - ITME - EIMT

**Q.6** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) # 3 % 7 $ 5 * & 4 β 9 Ω 4 9 μ 8 @ $ 1 π 3 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?

**Ans**
✗ 1. तीन
✗ 2. पाँच
✗ 3. एक
✓ 4. छह

**Q.7** सात व्यक्ति I, J, K, L, U, V और W उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
V के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। U के दाईं ओर केवल I बैठा है। U और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, K के बाईं ओर किसी एक स्थान पर लेकिन L के दाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है।
L और K के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
✗ 1. चार
✗ 2. दो
✓ 3. तीन
✗ 4. एक

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

KFU-15 IIQ-22 ? EOI-42 CRE-55

**Ans**
✗ 1. KJG-32
✓ 2. GLM-31
✗ 3. HGL-31
✗ 4. KLJ-30

**Q.9** उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
FEI−HGK
YXB−AZD

**Ans**
✓ 1. WVZ−YXB
✗ 2. SQT−UTX
✗ 3. SRV−TTW
✗ 4. SQT−TSW

**Q.10** सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। A और D के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। केवल F को A के ऊपर रखा गया है। B और C के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। E को G के ठीक ऊपर रखा गया है। C को E के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। E के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
✓ 1. तीन
✗ 2. चार
✗ 3. एक
✗ 4. दो

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ पेड़, पौधे हैं।
कुछ पौधे, ग्राफ हैं।

निष्कर्ष:
**(I):** कुछ पेड़, ग्राफ हैं।
**(II):** सभी ग्राफ, पौधे हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.12 सात व्यक्ति, B, C, D, E, F, G और L, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के बाएं से गिनती करने पर B और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E के दाएं से गिनती करने पर D और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। E और F का निकटतम पड़ोसी C है। L के बाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. F
✓ 2. C
✗ 3. E
✗ 4. B

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. GI-LM
✗ 2. VX-AC
✗ 3. OQ -TV
✗ 4. KM-PR

Q.14 एलेक्जेंडर, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 3 km, पूर्व की ओर
✓ 2. 5 km, पूर्व की ओर
✗ 3. 2 km, पूर्व की ओर
✗ 4. 4 km, पूर्व की ओर

Q.15 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

33 , 34 , 36 , 40 , 48 , ?

Ans
✗ 1. 45
✓ 2. 64
✗ 3. 65
✗ 4. 56

Q.16 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी बिस्तर, तकिए हैं।
कुछ बिस्तर, पर्दे हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ तकिए, पर्दे हैं।
(II) कुछ पर्दे, बिस्तर हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
✓ 2. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 3. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
✗ 4. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

Q.17 सात बॉक्स, A, B, C, D, K, L और O, एक के ऊपर एक करके रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। C के ऊपर केवल D को रखा गया है। C और B के बीच केवल L को रखा गया है। K के नीचे केवल A को रखा गया है। O और A के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. एक
✗ 3. दो
✗ 4. चार

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. JM-QG
✗ 2. LO-SJ
✗ 3. EH-LC
✗ 4. OR-VM

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से MKOJ का संबंध SQUP से है। उसी तरह KIMH का संबंध QOSN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, HFJE निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
✓ 1. NLPK
✗ 2. LNPK
✗ 3. LNKP
✗ 4. NLKP

Q.20 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'music is Therapy' को 'ak bj jo' लिखा जाता है और 'stop the music' को 'tu mt jo' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'music' का कूट क्या होगा?

Ans
✗ 1. ak
✗ 2. mt
✓ 3. jo
✗ 4. tu

Q.21 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 12 28 52 84 ?

Ans
✓ 1. 124
✗ 2. 130
✗ 3. 120
✗ 4. 125

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.22 उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे 163 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, मिस्टर मैक्सी बाएं छोर से 89वें स्थान पर हैं। यदि मिस्टर हान, मिस्टर मैक्सी के दाएं दूसरे स्थान पर बैठे हैं, तो मिस्टर हान पंक्ति के दाएं छोर से किस स्थान पर बैठे हैं?

Ans
✔ 1. 73वें
✘ 2. 75वें
✘ 3. 74वें
✘ 4. 72वें

Q.23 यदि संख्या 36719542 के प्रत्येक सम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में एक से अधिक बार आने वाले अंकों का गुणनफल कितना होगा?

Ans
✘ 1. 6
✘ 2. 3
✘ 3. 5
✔ 4. 15

Q.24 यदि संख्या 86071452 के प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटा दिया जाए और फिर अंकों को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो नई संख्या में एक से अधिक बार आने वाले अंकों का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 11
✘ 2. 13
✘ 3. 8
✔ 4. 10

Q.25 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

32 + 4 × 2 − 6 ÷ 9 = ?

Ans
✘ 1. 81
✔ 2. 84
✘ 3. 82
✘ 4. 83

Q.26 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

14 16 20 28 44 ?

Ans
✘ 1. 96
✔ 2. 76
✘ 3. 63
✘ 4. 83

Q.27 गीता बिंदु P से शुरू होकर दक्षिण की ओर 6 km ड्राइव करती है। फिर, वह दाएं मुड़ती है, 8 km ड्राइव करती है, फिर से दाएं मुड़ती है और 10 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 12 km ड्राइव करती है। फिर, वह बाएं मुड़ती है और 2 km ड्राइव करती है; वह फिर से बाएं मुड़ती है और 4 km ड्राइव करती है और बिंदु Q पर रुकती है। बिंदु P पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
✔ 1. 6 km दक्षिण की ओर
✘ 2. 4 km उत्तर की ओर
✘ 3. 4 km दक्षिण की ओर
✘ 4. 8 km दक्षिण की ओर

Q.28 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 256 987 325 489 723 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✗ 1. 10
✗ 2. 12
✗ 3. 16
✓ 4. 14

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DKS ELT FMU GNV ?

Ans
✗ 1. HOX
✗ 2. ROX
✗ 3. ROW
✓ 4. HOW

Q.30 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. FH-KD
✗ 2. IK-NG
✓ 3. MO-RL
✗ 4. CE-HA

Adda247